योगी आज देंगे श्रमिकों को भरण-पोषण भत्ता

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को डेढ़ करोड़ कामगारों के खाते में भरण पोषण भत्ता भेजेंगे। इस योजना के दायरे में रेहड़ी,खोमचा लगाने वाले,रिक्शा और ठेला चालक, नाई, धोबी, दर्जी, मोची, फल और सब्जी विक्रेता आदि शामिल हैं। इन श्रमिकों व कामगारों को एक माह के लिए 1,000 रुपये का भरण-पोषण भत्ता प्रदान किया जाएगा।

योगी सरकार ने विगत वर्ष कोविड काल में सरकार ने रिक्शा चालकों, पटरी व्यवसायियों, निर्माण श्रमिकों, अंत्योदय श्रेणी के लोगों व अन्य गरीब परिवारों को भरण-पोषण भत्ता व परिवार के प्रत्येक सदस्य को राशन प्रदान किया था। वहीं, उत्तर प्रदेश पहला राज्य था, जिसने श्रमिकों, स्ट्रीट वेंडरों, रिक्शा चालकों, कुलियों, पल्लेदारों आदि को भरण-पोषण भत्ता ऑनलाइन उपलब्ध कराया गया था। बाद में कई राज्य सरकारों ने इसे अपने राज्यों में भी लागू किया।संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को दो बार तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक बार भरण-पोषण भत्ता दिया गया। इसके साथ ही, राशन कार्ड बाध्यता समाप्त कर माह में दो बार, एक बार पीएम गरीब कल्याण योजना तथा दूसरी बार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया गया।

01 हजार रुपये का भरण पोषण भत्ता श्रमिकों को दिया जाएगा

1.5 करोड़ कामगारों के खाते में भेजा जाएगा भरण पोषण भत्ता

कार्यकत्रियों को बढ़े हुए मानदेय की घोषणा आज

प्रदेश में कार्यरत 3.73 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों / सहायिकाओं के मानदेय में बढ़ोत्तरी की घोषणा सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में कोरोना के दौरान 10 श्रेष्ठ अभियान चलाने वाले जिलों की तीन उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया जाएगा। वहीं बीते दो सालों में कोरोना से लड़ाई में साथ देने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को अलग से भत्ता भी देने की तैयारी है। इससे पहले आशा बहुओं के मानदेय में 750 रुपए, अनुदेशकों के मानदेय में 2000 रुपए और रसोइयों के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोत्तरी की जा चुकी है।

गांधी अम्बेडकर के तैल चित्र का करेंगे अनावरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को विधानभवन में महात्मा गांधी, डा0 भीमराव आम्बेडकर व पूर्व राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद के तैल चित्रों का अनावरण करेंगे। यह तैल चित्र राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन हाल में लगाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएम विधानभवन के 9 नंबर गेट पर स्थित विधान मण्डल प्रकाशन विक्रय केन्द्र का लोकापर्ण करेंगे। इसके बाद लोकभवन में मुख्यमंत्री विधानसभा अध्यक्ष द्वारा लिखित पुस्तक व पूर्व राज्यपाल राम नाईक पर लिखित पुस्तक 'कर्मयोद्धा राम नाईक' का विमोचन भी करेंगे।